## कोरोना की बढ़ती रफ्तारः

# तीन मिले संक्रमित

### दो का उपचार मेडिकल कॉलेज में शुरू, देवास की महिला को किया होम आइसोलेट




रतलाम। जिला महामारी नियंत्रण गौरव बोरीवाल ने बताया कि रतलाम जिले में केवल 2 संक्रमित को ही लिया जाएगा। देवास जिले की 37 वर्षीय महिला धार्मिक यात्रा पर नाथद्वारा गई थी, वहां से लौटते हुए रतलाम में परिचित के यहां रुकी थी। कुछ सिम्टम्स आने पर सैंपल दिया गया, जिसमें वह पॉजिटिव पाई गई, जिन्हें होम आइसोलेट कर दिया गया है। लेकिन इनकी गणना रतलाम जिले में नहीं होगी उसे देवास जिले में ही अकाउंट किया जाएगा।

डॉ. बोरीवाल ने बताएगी दो संक्रमित जो रतलाम जिले के मिले है उनमें से एक 26 वर्षीय पुरुष इंटरनेशनल ट्रैवलर है। 14 वर्षीय जावरा की बालिका भी संक्रमण का शिकार हुई है। इन दोनों का उपचार मेडिकल कॉलेज में किया जा रहा है। संक्रमित आने पर परिजनों की कांटेक्ट ट्रेसिंग की जा रही है। संक्रमित महिला देवास जिले की है, इसलिए उसे वहां काउंट किया जाएगा।

*जिले में कोरोना वायरस का संक्रमण लगातार अपने पैर पसार रहा है। नए साल के दूसरे दिन तीन संक्रमित पाए गए हैं। दो का उपचार मेडिकल कॉलेज में किया जा रहा है, वहीं देवास की एक महिला को होम आइसोलेट किया है।*

*-जिला महामारी नियंत्रक डॉ. बोरीवाल*

प्रसारण 3/1/22

# कोविड तीसरी लहर के मद्देनजर मुख्यमंत्री चौहान ने वीसी के माध्यम से किया संबोधित

## विधायक डॉ. राजेंद्र पांडेय द्वारा मुख्यमंत्री से जावरा हेतु सिटी स्कैन मशीन उपलब्ध कराने का आग्रह



रतलाम। कोविड-19 की संभावित तीसरी लहर के मद्देनजर संक्रमण नियंत्रण, उसकी रोकथाम एवं बचाव को ध्यान में रखते हुए प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने रविवार को वीसी के माध्यम से प्रदेश के सभी कलेक्टरों, पुलिस अधीक्षक, चिकित्सा से जुड़े अधिकारियों के साथ-साथ क्राइसेस मैनेजमेंट कमेटियों के सदस्यों को सम्बोधित करते हुए कहा कि कोरोना की तीसरी लहर के मद्देनजर आवश्यकता इस बात की है कि संक्रमण की रोकथाम एवं बचाव के लिए सभी स्तर पर पूर्व की भांति सहयोग एवं सहभागिता के साथ प्रयास किया जाए और हम सभी मिलकर कोविड-19 लहर को रोक सकें। मुख्यमंत्री ने विस्तृत दिशा निर्देश दिए।

इस मौके पर कलेक्टर कार्यालय के एनआईसी कक्ष में विधायक जावरा डॉ. राजेंद्र पांडेय उपस्थित थे। विधायक रतलाम शहर श्री चेतन्य कास्यप वी सी से ऑन लाइन जुड़े थे। इसके अलावा एन आई सी कक्ष में कलेक्टर श्री कुमार पुरुषोत्तम, पुलिस अधीक्षक गौरव तिवारी, अपर कलेक्टर एम.एल. आर्य, सीईओ जिला पंचायत श्रीमती जमुना भिड़े, मेडिकल कॉलेज डीन डॉ. जितेंद्र गुप्ता, सी एम एच ओ डॉ. प्रभाकर ननावरे, क्राइसेस मैनेजमेंट के सदस्य गोविंद काकानी आदि उपस्थित थे। मुख्यमंत्री के वर्चुअल उद्बोधन को विकास स्तर पर एवं ग्राम स्तर पर भी सुना गया।

इस दौरान विधायक जावरा डॉ. राजेंद्र पांडे ने मुख्यमंत्री श्री चौहान से आग्रह किया कि कोरोना की तीसरी लहर को देखते हुए छोटे बच्चों के लिए ऑन लाइन क्लास शुरू की जाए। श्री पाण्डेय ने कहा कि जावरा जिले का बड़ा केंद्र है जहां पिपलौदा, आलोट, ताल, बड़ावदा के अलावा नागदा, खाचरोद से भी मरीज आते हैं, इसलिए जावरा में भी सिटी स्कैन मशीन उपलब्ध कराई जाए।

इस पर मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि जावरा को सिटी स्कैन मशीन अवश्य दी जाएगी। मशीन विदेश से आती है, इसलिए उपलब्धता और प्राथमिकता के आधार पर प्रदान की जाएगी। डॉ. पांडेय ने यह भी आग्रह किया कि रतलाम को प्रदाय सीटी स्कैन मशीन को अधिक संख्या वाली फिल्म की तकनीक से जोड़ा जाए।

डॉ. पांडेय ने जिला प्रशासन की सराहना करते हुए कहा कि जिला स्तरीय संकट प्रबंधन समूह की बैठक पूर्व से कर ली गई है, जिससे बच्चों के वैक्सीनेशन और कोरोना की तीसरी लहर की तैयारियों पर चर्चा करके रूपरेखा निर्धारित कर ली गई। प्रसारण

प्रसारण 3/1/22

**स्कूलों में आज से** बच्चों के वैक्सीनेशन का श्री गणेश

# पहले दिन 147 केंद्रों पर 40 हजार 320 बच्चों को लगेगा को-वैक्सीन का टीका

पत्रिका बिग इश्यू

## 95 हजार किशोर-किशोरियों को लगना है वैक्सीन, हेल्थ वर्कर्स और 60 प्लस के लोगों को कुछ दिन बाद लगेगा बूस्टर डोज

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com




रतलाम. स्कूली बच्चों के वैक्सीनेशन का श्री गणेश सोमवार से हो रहा है। इसमें 15 से 18 वर्ष के किशोर-किशोरियों को को-वैक्सीन का टीका लगाया जाएगा। पहले दिन 147 केंद्रों पर 40320 बच्चों के टीकाकरण का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए जिले के सभी विकासखंडो में वैक्सीनेशन सेंटर बनाए गए हैं। टीकाकरण के लिए हितग्राही स्वेच्छा से कोविन पोर्टल पर जाकर अपना प्री-रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं या केंद्र पर पहुंचकर भी रजिस्ट्रेशन करवाकर टीका लगवा सकते हैं।

सीएमएचओ डॉ. प्रभाकर ननावरे ने बताया कि टीकाकरण के लिए 2005, 2006, 2007 के जन्मे बच्चे पात्र होंगे। अभियान को मिशन 15-18 नाम दिया गया है। कोरोना महामारी को रोकने के लिए टीकाकरण सबसे प्रभावी साधन है। टीकाकरण सत्र स्थल पर जाकर पात्र हितग्राही अपना मोबाईल और आधार कार्ड अथवा जन्म दिनांक दर्शाने वाला आईडी लेकर सीधे टीका लगवा सकते हैं। जिला टीकाकरण अधिकारी वर्षा कुरील ने बताया कि बच्चों को को-वैक्सीन के टीके के दो डोज 28 दिन के अंतर से लगाए जाएंगे। जिले के सभी शासकीय स्कूलों, निजी स्कूलों, नवोदय, केंद्रीय विद्यालय, मदरसे आदि को चिन्हित कर वैक्सीनेशन किया जाएगा।

### 75 हजार रेकार्ड में दर्ज

बच्चों के वैक्सीनेशन को लेकर स्कूल शिक्षा विभाग के रिकार्ड में 15 से18 वर्ष के किशोर और किशोरियों में 75 हजार से अधिक बच्चों के नाम दर्ज है। जिले के कक्षा 9 वीं से 12 वीं तक की कक्षा में 75,517 बच्चे दर्ज है। इनके अतिरिक्त 20 हजार करीए शाला त्यागी बच्चे भी होना बताए जा रहे है। ऐसे में यह संख्या बढ़कर 95 हजार से अधिक हो जाएगी।

### जिले में 95 हजार से अधिक बच्चे

रतलाम जिले में 95 हजार से अधिक बच्चों को वैक्सीन का डोज लगना है। बच्चों के वैक्सीनेशन को लेकर प्रशासन के साथ ही स्वास्थ्य विभाग ने स्कूल शिक्षा विभाग के साथ मिलकर रणनीति तय की है, उसके तहत बच्चों का वैक्सीनेशन होगा। बच्चों को कोरोना का टीका लगाए जाने की प्रधानमंत्री की घोषणा के बाद से इस वर्ग से जुड़े लोगों में खासा उत्साह नजर आ रहा है। कोरोना संक्रमण के इस दौर में अब जाकर बच्चों को वैक्सीन का सुरक्षा कवच मिलने से वह खासे उत्साहीत है और उनके परिजन भी राहत की सांस ले रहे है।

**स्कूल शिक्षा विभाग में कक्षा 9वीं से 12वीं तक दर्ज बच्चों की संख्या**

| | |
|---|---|
| 40240 | छात्र |
| 35277 | छात्राएं |
| 20000 | शाला त्यागी |
| 95517 | कुल संख्या |

**टीकाकरण के पहले दौर में दर्ज फ्रंट लाइन वर्कर्स और 60 प्लस के लोग**

| | |
|---|---|
| 9305 | एचसीडब्ल्यू |
| 9970 | एफएलडब्ल्यू |
| 139473 | 60 प्लस |

### बच्चों के बाद बड़ों को बूस्टर

बच्चों के टीकाकरण का कार्य शुरू होने के कुछ दिन बाद से हेल्थ वर्कर्स और 60 प्लस लोगों को बूस्टर डोज लगाए जाने की शुरुआत हो जाएगी। वैक्सीनेशन अभियान के पहले चरण में रतलाम के 19 हजार से अधिक फ्रंटलाइन वर्कर्स के साथ ही 1 लाख 39 हजार से अधिक के 60 प्लस लोगों को वैक्सीन के माध्यम से सुरक्षा मिली थी।

### किस विकासखंड पर कितने केंद्र

| | |
|---|---|
| 30 | रतलाम शहर |
| 13 | सैलाना |
| 24 | रतलाम ग्रामीण |
| 14 | पिपलौदा क्षेत्र |
| 32 | जावरा क्षेत्र |
| 09 | बाजना क्षेत्र |
| 25 | आलोट क्षेत्र |

पत्रिका

पत्रिका 3/1/22

# मध्यप्रदेश में कोरोना की तीसरी लहर ने दी दस्तक

## सीएम बोले- 24 घंटे में डेढ़ गुना नए केस मिले
## जन सहयोग के जरिए कोरोना से लड़ना होगा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ भोपाल

मध्यप्रदेश में कोरोना के मामलों में अचानक बढ़ोतरी हुई है। 24 घंटे में डेढ़ गुना नए केस आने से हड़कंप मच गया है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भी शनिवार को लगभग माना है कि प्रदेश में कोरोना की तीसरी लहर ने दस्तक दे दी है। मुख्यमंत्री ने नए साल पर वीडियो संदेश जारी कर कहा कि तीसरी लहर का मुकाबला जन सहयोग से करना है। आवश्यक व्यवस्थाएं बना ली गई हैं, लेकिन सभी को सजग और सतर्क रहना है। प्रदेश में पिछले 24 घंटे में 124 नए केस मिले हैं। इसके अलावा 10 केस ओमिक्रॉन के हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कोरोना संक्रमण रोकने के लिए अनुकूल व्यवहार करना है।



नए साल में समृद्ध और विकसित मध्यप्रदेश के निर्माण के संकल्प को और आगे बढ़ाना है। मुख्यमंत्री ने जनता को नए साल की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि नए साल में, नए संकल्प, नई उमंग और नए उत्साह के साथ आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश का निर्माण करना है। अवन्तिका

### सोशल डिस्टेंसिंग का हो रहा उल्लंघन

गौरतलब है कि कोरोना के मामले बढ़ने के बावजूद लोग न तो मास्क पहन रहे हैं और ना ही सरकार सख्ती कर रही है। हद तो यह है कि भीड़ भाड़ वाले इलाकों में भी सोशल डिस्टेंसिंग का पालन नहीं किया जा रहा। प्रदेश में कोरोना केस बढ़ने के साथ ही अब प्रदेश में पाबंदियां बढ़ने को लेकर भी चर्चा तेज हो गई है।

अवन्तिका 3/1/22

# आज जिले के 147 स्कूलों में बच्चों को मिलेगा सुरक्षा कवच

## कोरोना को हराना है : 15 से 18 वर्ष के बच्चे स्कूलों में जाकर लगवा सकेंगे टीका, शहर में 30 सेंटर बनाए

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। कोरोना वैक्सीनेशन महाअभियान में सोमवार से 15 से 18 वर्ष के बच्चों को वैक्सीन लगाने की शुरुआत होगी। इसके लिए रविवार को सभी तैयारी पूरी कर ली गई। जिले में 147 स्कूलों में वैक्सीनेशन किया जाएगा, इसमें शहर के 30 स्कूल भी शामिल हैं। यहां टीकाकरण दल तय प्रक्रिया में टीका लगाएगा। स्कूलों से भी पूर्व में ही सभी बच्चों को सूचित कर दिया गया है। जो बच्चे सोमवार को टीका नहीं लगवा पाएंगे, उनके लिए मंगलवार को मापअप राउंड होगा।

मालूम हो कि जिले में स्कूलों में दर्ज बच्चों की संख्या 76 हजार है। इसके साथ ही स्वास्थ्य कार्यकर्ता व फ्रंडलाइन वर्करों को भी बूस्टर डोज दिया जाएगा। इनकी संख्या 19402 है। स्कूलों में बच्चों को आधार कार्ड लाने पर टीका लगाया जाएगा। वैक्सीनेशन के लिए रतलाम शहर में 30, सैलाना में 13, रतलाम ग्रामीण में 24, पिपलौदा क्षेत्र में 14, जावरा क्षेत्र में 32, बाजना क्षेत्र में 9, आलोट क्षेत्र के 25 स्कूली केंद्रों पर टीके लगाए जाएंगे। डॉ. वर्षा कुरील ने बताया टीका जिले के सभी शासकीय स्कूलों, निजी स्कूलों, नवोदय, केंद्रीय विद्यालय, मदरसे आदि को चिन्हित कर वैक्सीनेशन किया जाएगा।

### स्कूल नहीं जाने वाले बच्चे भी लगवा सकते हैं टीका

मुख्य चिकित्सा व स्वास्थ्य अधिकारी डा. प्रभाकर ननावरे ने बताया कि 15 से 18 वर्ष के ऐसे बच्चे जो स्कूल नहीं जाते है, वे भी अपने पास के सेंटर में जाकर टीका लगवा सकते है। आमजन भी ऐसे बच्चों को टीकाकरण के लिए प्रेरित कर सेंटर तक पहुंचाने में सहयोग करें। जिले में ऐसे करीब 20 हजार बच्चे है। सीएमएचओ ने बताया कि अभियान को मिशन 15-18 नाम दिया गया है। टीकाकरण सत्र स्थल पर जाकर पात्र हितग्राही अपना मोबाइल और आधार कार्ड अथवा जन्म तारीख दर्शाने वाला आइडी लेकर सीधे टीका लगवा सकते है। बच्चों को कोवैक्सीन के टीके के दो डोज 28 दिन के अंतर से लगाए जाएंगे। तीन जनवरी को 40320 बच्चों को टीका लगाने का लक्ष्य है।



**15** से 18 वर्ष के ऐसे बच्चे जो स्कूल नहीं जाते हैं

**20,000** बच्चे हैं जिले में जो स्कूल नहीं जाते



मास्क नहीं लगाने पर जुर्माना वसूलते हुए निगमकर्मी। • नईदुनिया

### मास्क नहीं लगाने पर 411 लोगों से वसूला जुर्माना

नगर निगम के गठित दलों द्वारा निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया, एसडीएम अभिषेक गेहलोत, तहसीलदार गोपाल सोनी के निर्देशन में जुर्माने की कार्रवाई की जा रही है। इसके तहत रविवार को शहर के विभिन्न क्षेत्रों में 411 व्यक्तियों पर जुर्माना कर मास्क लगाने की समझाइश दी गई। मास्क नही लगाने व गलत तरीके से लगाने के तहत की जा रही जुर्माने के अंतर्गत दो बत्ती थाना क्षेत्र में 101, माणक चौक थाना क्षेत्र में 82, दीनदयाल नगर थाना क्षेत्र मे 102 व औद्योगिक थाना क्षेत्र में 126 व्यक्तियों पर जुर्माना किया गया।

### दो और नए पाजिटिव केस



सालाखेड़ी चौकी पर युवक का सैंपल लेते हुए स्वास्थ्यकर्मी। • नईदुनिया

जिले में लगातार कोरोना के नए केस सामने आ रहे है। रविवार को तीन लोगों की रिपोर्ट कोरोना पाजिटिव आई। दो का उपचार मेडिकल कालेज में किया जा रहा है, वहीं देवास की एक महिला को होम आइसोलेट किया गया है। जिला महामारी नियंत्रक गौरव बोरीवाल के अनुसार जिले में केवल दो संक्रमित को ही लिया जाएगा। देवास जिले की 37 वर्षीय महिला धार्मिक यात्रा पर नाथद्वारा गई थी, वहां से लौटते हुए रतलाम में परिचित के यहां रुकी थी। उनका सैंपल लिया गया था। इसमें रिपोर्ट पाजिटिव आई। इनकी गणना रतलाम जिले में नहीं होगी। उसे देवास जिले में ही काउंट किया जाएगा। डा. बोरीवाल के अनुसार जिले में दो नए पाजिटिव केस सामने आए है। इनमें से एक 26 वर्षीय युवक रतलाम निवासी है, वहीं एक 14 वर्षीय जावरा की बालिका की रिपोर्ट भी पाजिटिव आई है। संक्रमित आने पर स्वजन की कांटेक्ट ट्रेसिंग की जा रही है। सभी की ओमिक्रोन जांच के लिए सैंपल दिल्ली भेजे गए है।

नई.

नईदुनिया 3/1/22

# त्रिवेणी मेले में निगम ने दो जगह वाहन स्टैंड के ठेके दिए, 10 जगह अवैध बनीं पार्किंग

## किसी ने खेत पर तो किसी ने प्लॉट पर नगर निगम की बगैर अनुमति शुरू कर दिए वाहन स्टैंड, टू व्हीलर से 10 तो कारों से वसूले 20 रुपए

भास्कर संवाददाता | रतलाम

त्रिवेणी मेले में नगर निगम ने दो स्थानों पर वाहन स्टैंड के ठेके दिए। इसमें एक मेला मंच के पीछे और दूसरा मोतीनगर की खाली जगह पर। इसके अलावा कहीं भी वाहन स्टैंड के ठेके नहीं दिए हैं। बावजूद मेले में दस जगह अवैध स्टैंड खुल गए। किसी ने खेत में तो किसी ने प्लॉट पर स्टैंड खोल दिए। इन अवैध स्टैंड पर टू व्हीलर से 10 रुपए और फोर व्हीलर के 20 रुपए वसूले गए। रविवार को मेले में हजारों लोग पहुंचे। इन सभी से वाहनों से वसूली की है।

11 दिनी त्रिवेणी मेला 24 दिसंबर से शुरू हुआ है। मेले में आने वाले लोग अपने वाहन पार्क कर सकें। इसके लिए नगर निगम ने दो स्थानों पर ठेके दिए। लेकिन, रविवार को मेले मे वाहन स्टैंड के नाम पर दिनभर अवैध वसूली होती रही। इन अवैध स्टैंड पर संचालकों ने बाकायदा बैनर लगाकर स्टैंड शुरू किए और वाहन खड़े करने आने वाले लोगों को रसीदें भी दी। इससे लोगों को भी पता नहीं चल पाया कि स्टैंड वैध या अवैध। बावजूद नगर निगम के किसी अफसरों के ये अवैध स्टैंड नजर नहीं आए।



**यहां खुले अवैध स्टैंड :** संतनगर में दो स्थानों पर, कालागौरा भैरव रोड मसजिद के पास, त्रिवेणी मुक्तिधाम के पास, मोतीनगर की गलियों में, त्रिवेणी मुक्तिधाम से मेला मंच जाने के बीच चार स्थानों पर। भास्कर

### इधर शाम को कल्याणनगर के सामने लगा जाम, फंसे वाहन चालक



रतलाम | त्रिवेणी मेले में रविवार को लोगों की भीड़ उमड़ी। इससे कल्याणनगर के सामने वाली रोड पर जाम लग गया। एक घंटे तक वाहन चालक फंसे रहे। यहां ट्रैफिक पुलिस का जवान मौजूद नहीं था।

द. भास्कर 3/1/22

# रतलाम में कोरोना के तीन मामले आए सामने

## एक बालिका सहित एक विदेश से आया युवक और एक देवास की महिला की रिपोर्ट आई पॉजिटिव

रतलाम @ पत्रिका. जिले में कोरोना की रफ्तार लगातार बढ़ती जा रही है। मेडिकल कॉलेज की लैब से रविवार को आई जांच रिपोर्ट में तीन की रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। हालाकि स्वास्थ्य विभाग का महकमा इसे दो बता रहा है क्यो कि एक महिला देवास जिले की है। ऐसे में उसे वहां के पॉजिटिव मरीजों की सूची में शामिल करना बताया जा रहा है।

जिन लोगों की रिपोर्ट पॉजिटिव आई है, उनमें 26 वर्षीय युवक वहीद नगर अहिंसा ग्राम के पास का रहने वाला है। उक्त युवक दुबई से जयपुर होकर रतलाम आया है। उसकी शनिवार को जांच की गई थी, जिसके बाद रिपोर्ट पॉजिटिव पाई गई है। इसके साथ ही जावरा की 14 वर्षीय बालिका की रिपोर्ट भी पॉजिटिव आई है। वह माता को उपचार के लिए ले गई थी, माता की भी जांच हुई थी लेकिन उनकी रिपोर्ट नेगेटिव आई है। इसके अतिरिक्त मेडिकल कॉलेज में एक कर्मचारी के यहां नाथद्वारा से आई देवास जिले की 37 वर्षीय महिला की रिपोर्ट भी पॉजिटिव आई है। एक दिन में तीन की रिपोर्ट पॉजिटिव आने के बाद जिले में मरीजों की संख्या बढ़कर 9 हो गई है। हालाकि प्रशासन इसे 8 मान रहा है क्योकि एक महिला देवास जिले की है। तीनों का उपचार शुरू हो गया है।

पत्रिका 3/1/22



# खुले में गंदगी करने पर 11 व्यक्तियों पर जुर्माना

## मास्क नहीं लगाने पर 25 व्यक्तियों पर जुर्माना

रतलाम । कलेक्टर एवं प्रषासक नगर पालिक निगम रतलाम श्री कुमार पुरूशोतम के निर्देषानुसार नगर में ऐसे दुकानदार व नागरिक जो कि खुले में कचरा डालकर षहर को गंदा करते हैं, मलबा डालकर अतिक्रमण करते है उन पर लगाम लगाने हेतु संबंधितों पर स्पॉट फाईन की कार्यवाही की जा रही है जिसके तहत 01 जनवरी को 11 व्यक्तियों पर जुर्माना किया गया।

निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के निर्देषानुसार खुले में गंदगी करने पर राहूल, उमर, षकील, कमल, अनवर, साजिद, फारूख, सोहेल, इमरान मित्र निवास रोड, विजय महू रोड पर 100-100 व दिलीप महू रोड पर 50 रूपये का स्पॉट फाईन कर भविश्य में गंदगी ना करने की समझाईष दी। इसके अलावा नगर विभिन्न क्षेत्रों मे बिना मास्क वाले 25 व्यक्तियों पर 100-100 रूपये का स्पॉट फाईन पर मास्क अनिवार्य रूप से लगाने की समझाईष दी गई। नगर निगम द्वारा नागरिकों से भी अपील की जाती है कि षहर को गंदा करने वाले नागरिकों, दुकानदारों आदि की जानकारी सहायक स्वास्थ्य अधिकारी श्री ए.पी. सिंह मो. नं. 7471144930, झोन प्रभारी श्री पवन हाड़े मो. नं. 7471144931, श्री किरण चौहान मो.नं. 7471144932, श्री विनय चौहान मो.नं. 8770535145, श्री विराट मेहरा 9770326691, स्पॉट फाईन दल के पवन झांझोट मो.नं. 7000128812, आकाष षिन्दे मो.नं. 9424075393 7724981736 मनोज झांझोट मो.नं. 6268449110, राकेष ललावत मो.नं. 7000128812 को देकर नगर को साफ-स्वच्छ बनाने में सहयोग प्रदान करें।

स्वदेश ज्योति 3/1/22

**मास्क नहीं पहनने वालों का ड्रामा** • शहर में एक दिन में ही 550 लोगों से 55 हजार रुपए वसूले, आज से शहर में 10 टीमें घूमेंगी

# टीम से कहा : मेरे पास रुपए नहीं हैं, एसडीएम ने फोन-पे करवा कर वसूला जुर्माना

## मास्क नहीं पहनने वालों पर कार्रवाई, जिले में 1.10 लाख रु. की वसूली

भास्कर संवाददाता | रतलाम

मास्क नहीं पहनने को अपनी शान समझने वाले लोगों की संडे को शामत आ गई। दरअसल, रविवार को सुबह ही एसडीएम सहित अधिकारी बाजार में चालानी कार्रवाई के लिए निकल गए। अधिकारियों को देख बिना मास्क पहने लोगों में हलचल मच गई। किसी ने दौड़ लगा दीं, तो किसी ने रुपए नहीं होने का बहाना बनाया। अधिकारी भी वसूली की तैयारी में थे, उन्होंने फोन-पे पर रुपए लेने के बाद युवक को छोड़ा।

शहर में सुबह 11.30 बजे एसडीएम अभिषेक गेहलोत, तहसीलदार गोपाल सोनी सहित अन्य अधिकारी बाजार में निकले थे। नाहरपुरा पर सभी रास्तों से आने वाले लोगों की धरपकड़ शुरू कर दी। दुकानों पर बिना मास्क पहने लोगों के चालान बनाए। इधर, अधिकारियों को देख कुछ राहगीर वाहन पलटा कर भगाने लगे, तो कुछ पैदल ही दौड़ लगाने लगे। एक युवक तो पकड़ाने के बाद रुपए नहीं होने की बात कह रहा था। ऐसे में एसडीएम ने फोन-पे करने का सुझाव दे डाला। युवक तैयार हुआ... और तहसीलदार गोपाल सोनी के मोबाइल पर 100 रुपए फोन-पे किए। इधर, चालानी कार्रवाई से बचने के लिए कई लोग अधिकारियों के सामने गुहार लगाते दिखे। शहर में दोपहर 1 बजे औद्योगिक थाना क्षेत्र सहित अन्य इलाकों में चालानी कार्रवाई की गई।

### जिले में 1100 लोगों का चालान बनाया



युवक से फोन-पे पर चालान के रुपए लेते हुए तहसीलदार।

इधर, चालानी कार्रवाई पूरे जिले में की गई है। शाम तक आए आंकड़ों के मुताबिक 1100 लोगों का चालान बनाया जा चुका था। इससे 1.10 लाख रुपए की वसूली हुई। शहर में 550 लोगों के चालान कटे, इससे 55 हजार रुपए वसूले गए। एडीएम एमएल आर्य ने बताया जिले में चालानी कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

**अब 10 टीम शहर में घूमेगी -** *शहर में चालानी कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। 10 टीम शहर में रोज घूमेगी, जो कि दुकानदार, आमजन जो भी बिना मास्क के मिलेंगे, उनका चालान काटेगी। सावधानी जरूरी है।* **- अभिषेक गेहलोत,** एसडीएम, शहर

### इधर... तीसरी लहर को लेकर सीएम ने चेताया, जावरा विधायक बोले : ऑनलाइन क्लास शुरू हो

प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने रविवार को वीसी के माध्यम से सभी कलेक्टरों, एसपी, चिकित्सा से जुड़े अधिकारियों के साथ-साथ क्राइसेस मैंनेजमेंट कमेटियों के सदस्यों से चर्चा की। कलेक्टर कार्यालय के एनआईसी कक्ष में जावरा विधायक डॉ. राजेंद्र पांडेय मौजूद थे। शहर विधायक चेतन्य काश्यप वीसी से ऑनलाइन जुड़े। जावरा विधायक ने सीएम से कहा कोरोना की तीसरी लहर को देखते हुए छोटे बच्चों के लिए ऑनलाइन क्लास शुरू की जाए। जावरा जिले का बड़ा केंद्र है, जहां पिपलौदा, आलोट, ताल, बड़ावदा के अलावा नागदा, खाचरौद से भी मरीज आते हैं। इसलिए जावरा में भी सिटी स्कैन मशीन उपलब्ध कराई जाए। सीएम ने कहा जावरा को सीटी स्कैन मशीन जरूर दी जाएगी। मशीन विदेश से आती है इसलिए उपलब्धता और प्राथमिकता के आधार पर दी जा रही है। डॉ. पांडेय ने रतलाम को दी जाने वाली सीटी स्कैन मशीन को ज्यादा संख्या वाली फिल्म की तकनीक से जोड़ने का कहा।

दै. भास्कर 3/1/22

# मध्य प्रदेश में कोरोना का प्रकोप बढ़ा, 24 घंटे में मिले 124 मरीज, 500 के करीब पहुंचा सक्रिय मरीजों का आंकड़ा



भोपाल (नप्र)। प्रदेश में कोरोना का प्रकोप बढ़ता जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा शनिवार को जारी स्वास्थ्य बुलेटिन के अनुसार शुक्रवार को प्रदेश में 61 हजार 440 सैंपल की जांच में 124 मरीज मिले हैं। ये मरीज 16 जिलों में मिले हैं। यानी इंदौर व भोपाल के बाद दूसरे जिलों में भी कोरोना तेजी से फैल रहा है। यह पूरे प्रदेश के लिए खतरे की घंटी है, क्योंकि यह तीसरी लहर की आहट हो सकती है। जिस तेजी से पिछले एक हफ्ते से मरीज बढ़ रहे हैं, उससे राज्य सरकार की चिंता भी बढ़ गई है।

शुक्रवार को मिले नए मरीजों में इंदौर के 62 और भोपाल के 27 मरीज शामिल हैं। यानी कुल नए मरीजों के 72 फीसद इन्हीं दोनों शहरों में हैं। नए मरीजों के साथ ही प्रदेश में सक्रिय मरीजों की संख्या 497 हो गई है। इनमें 127 मरीज निजी और सरकारी अस्पतालों में इलाज करा रहे हैं। भर्ती मरीजों में सिर्फ छह आइसीयू/एचडीयू में आक्सीजन सपोर्ट पर हैं। यह राहत की बात है, क्योंकि दूसरी लहर में करीब 10 फीसद मरीजों को आक्सीजन की जरूरत पड़ रही थी। मरीज बढ़ने के साथ ही स्वास्थ्य विभाग ने सैंपलों की संख्या भी बढ़ा दी है। अब हर दिन 60 हजार से ज्यादा सैंपल लिए जा रहे हैं। सैंपलिंग बढ़ाने के लिए सार्वजनिक स्थलों पर औचक सैंपलिंग के लिए टीमें बढ़ाई गई हैं। पिछले चार दिन से 61 हजार से ज्यादा सैंपलों की जांच की जा रही है।

**16 जून के बाद सर्वाधिक मरीज मिले :** शुक्रवार के पहले 16 जून को 73 हजार सैंपल की जांच में कोरोना के 145 मरीज मिले थे। तब से मरीजों की संख्या 110 से नीचे रही है। हालांकि, उस दौरान हर दिन 25 से 30 मरीजों की मौत हो रही थी। संक्रमण दर 0.1 फीसद थी, जबकि शुक्रवार को संक्रमण दर 0.20 रही।

## भोपाल में कोरोना के 42 मरीज मिले

देश-प्रदेश के साथ-साथ राजधानी भोपाल में भी अब कोरोना संक्रमण एक बार फिर तेजी से पांव पसार रहा है। तीन दिन के भीतर शहर में रोज मिलने वाले मरीजों की संख्या में ढाई गुना से ज्यादा उछाल आया है। भोपाल में शनिवार को कोरोना संक्रमण के 42 नए मामले सामने आए। कुल 4741 सैंपल की जांच में इतने मरीज मिले हैं। इसके पहले शुक्रवार को 27 और गुरुवार को 16 मरीज मिले थे। इसके साथ ही जिले में अब सक्रिय मरीजों की संख्या 106 तक पहुंच गई। इनमें 14 मरीज अस्पतालों में भर्ती हैं। बाकी होम आइसोलेशन में रहते हुए इलाज ले रहे हैं। जिले में अब तक 1,24,007 मरीज मिल चुके हैं। इनमें 1005 की मौत हुई है, जबकि 1,22,896 स्वस्थ हुए हैं। जिले में 3 दिन से रोज 5000 से ज्यादा सैंपल की जांच की जा रही थी, लेकिन शनिवार को 4741 की जांच ही हो पाई। भोपाल में हर दिन 6000 सैंपल लेने का लक्ष्य है, लेकिन सैंपलिंग टीमों की संख्या कम होने की वजह से यह लक्ष्य पूरा नहीं हो पा रहा है। भोपाल में कोलार क्षेत्र एक बार फिर कोरोना का हाटस्पाट बनता नजर आ रहा है। नए मरीजों में सबसे ज्यादा इसी क्षेत्र में मिल रहे हैं। इस कारण सक्रिय मरीज भी यहीं सबसे ज्यादा हैं।

**विदेश से आने वाले 18 पॉजिटिव, लेकिन जीनोम सीक्वेंसिंग की रिपोर्ट एक भी नहीं आई :** भोपाल में विदेश से आने वाले 18 मरीज कोरोना पॉजिटिव आ चुके हैं। पहला मरीज 6 दिसंबर को मिला था। यानी लगभग एक महीना होने जा रहा है, लेकिन अभी तक किसी की भी जीनोम सीक्वेंसिंग की रिपोर्ट नहीं आई है। जांच के लिए इनके सैंपल नेशनल सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल दिल्ली भेजे गए हैं। भोपाल में जिस तरह से मरीजों की संख्या बढ़ी है, उससे आशंका गहराने लगी है कि कहीं यहां पर ओमिक्रोन की दस्तक तो नहीं हो गई है।

प्रसारण

प्रसारण 3/1/22

महामारी से मुकाबले की तैयारी

# प्रत्येक जिले में फिर खुलेंगे कोविड सेंटर, सर्दी-खांसी है तो कोरोना जांच अनिवार्य

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

भोपाल. कोरोना ने चिंता बढ़ा दी है। बीते 24 घंटे में मध्यप्रदेश में 151 नए मरीज मिले हैं। अब हर जिले में फिर कोविड केयर सेंटर खोले जाएंगे, ताकि जिनके घरों में होम आइसोलेशन की जगह नहीं है, उन मरीजों को सेंटर में रखा जा सके। फीवर क्लीनिक शुरू होंगे। सर्दी, खांसी के मरीजों की अनिवार्य रूप से कोरोना जांच होगी। राज्य से लेकर पंचायत, गांव, वार्ड स्तर तक की क्राइसेस मैनेजमेंट कमेटियों को सक्रिय किया जाएगा। मोबाइल मेडिकल यूनिट और रैपिड रिस्पॉन्स टीमें भी मैदान में उतरेंगी।

रविवार को सीएम शिवराज सिंह चौहान ने कोविड की तीसरी लहर से निपटने के लिए मंत्री-कलेक्टरों के साथ अन्य अफसरों से वर्चुअली संवाद किया। उन्हें आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिलों की क्राइसेस मैनेजमेंट कमेटियों के सदस्य भी जुड़े। सीएम ने कहा, हमें तीसरी लहर से निपटने के लिए पूरी तैयारी रखना है। अभी अन्य बंदिशें नहीं लगा रहे हैं, लेकिन लापरवाही न हो, पहले जैसी स्थिति न बने। एसीएस हेल्थ मोहम्मद सुलेमान ने तैयारियों को लेकर प्रेजेंटेशन भी दिया। पत्रिका



## निजी अस्पतालों से फिर होगा अनुबंध

**बेड्स:** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह ने वर्चुअली बैठक में कहा, अभी सरकारी अस्पतालों में 31 हजार बेड्स हैं। निजी सेक्टर के 25 हजार बिस्तर के इंतजाम के लिए अनुबंध कर लिए जाएं, ताकि लोगों को मुफ्त इलाज मिले।

**आइसोलेशन:** होम आइसोलेशन को प्राथमिकता से करें। गांवों में निगरानी की व्यवस्था पुख्ता की जाएगी। निजी-सरकारी अस्पतालों में ऑक्सीजन सहित अन्य इंतजामों को तत्काल फिर चेक करें।

**कोरोना जांच:** अभी प्रदेश में 61 हजार जांचें हो रही हैं, इन्हें 75 हजार टेस्ट प्रतिदिन किए जाने का लक्ष्य है। बस स्टैंड और रेलवे स्टेशन जैसे स्थानों पर टेस्ट की संख्या बढ़ेगी।

पत्रिका 3/1/22

## अनुमति के बिना मुख्य सड़कों के किनारे निर्माण प्रारंभ पाये जाने पर नगर निगम करेगा तोड़ने की कार्यवाही

रतलाम । षहर की मुख्य सड़के सैलाना रोड, सागोद रोड, मह रोड, स्टेषन रोड सहित अन्य सड़को के किनारे नगर निगम की बिना अनुमति के निर्माण प्रारंभ पाये जाने पर उन्हे तोड़ने की कार्यवाही निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के निर्देषानुसार गठित दलो के द्वारा प्रारंभ की जा रही है साथ ही संबंधितों से 15 हजार रूपये प्रति घन्टे के मान से तोड़ने की राषि वसूल की जायेगी। निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया नगर निगम के गठित दलो को निर्देषित किया है षहर की मुख्य सड़कों के किनारे नगर निगम की बिना अनुमति निर्माण प्रारंभ पाये जाने पर तोड़ने की कार्यवाही प्रतिदिन की जाये व संबंधितों से 15 हजार रूपये प्रति घन्टे के मान से तोड़ने की राषि वसूल की जाये। नगर निगम द्वारा बिना अनुमति के निर्माण तोड़ने की कार्यवाही की जा रही है नागरिकों से अपील है कि वे अनुमति के बिना निर्माण कार्य ना करें।

## गीला व सूखा कचरा पृथक-पृथक नहीं लेने पर कर्मचारियों के विरूद्ध होगी कार्यवाही

रतलाम । निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया ने कचरा संग्रहण वाहन के ड्रायवर, हैल्पर, वार्ड प्रभारी व झोन प्रभारियों को निर्देषित किया है कि वे नगर के प्रत्येक घर, दुकान आदि से प्रतिदिन गीला व सूखा कचरा पृथक-पृथक कचरा संग्रहण करना सुनिष्चित करें अन्यथा ड्रायवर, हैल्पर, वार्ड प्रभारी व संबंधित झोन प्रभारी पद से हटाने व बर्खास्त किये जाने की कार्यवाही की जायेगी। निगम आयुक्त श्री झारिया ने निर्देशित किया यदि किसी भी वार्ड में मिक्स कचरा लेते हुए या कचरा संग्रहण वाहन में मिक्स कचरा डालते हुए पाये जाने पर संबंधित कर्मचारी को पद से हटाने व सेवा से बर्खास्त किये जाने की कार्यवाही की जायेगी। इसके अलावा उन्होने निर्देषित किया कि प्रत्येक वार्ड के प्रत्येक घर, दुकान, गुमटी आदि से प्रतिदिन पृथक-पृथक कचरा लिया जाये। प्रत्येक वार्ड के प्रत्येक घर, दुकान, गुमटी आदि से प्रतिदिन पृथक-पृथक कचरा लिये जाने हेतु निगम आयुक्त श्री झारिया ने निर्देषित किया कि दोनो पालियों में वार्ड में कचरा संग्रहण वाहन जायेंगे।

स्वतंत्र [illegible] 3/1/22

# टैंकर रोड से सांई बिल्डिंग मटेरियल का हटाया अतिक्रमण



रतलाम । राजगढ़ टैंकर रोड पर निर्माणाधीन सीमेन्ट कांक्रीट सड़क की चौड़ाई कम पड़ने पर पटवारी से भूमि की नपती कराये जाने पर सांई बिल्डिंग मटेरियल द्वारा षासकीय भूमि पर निर्मित किये गये षेड व फेंसिंग के अतिक्रमण को निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के निर्देषानुसार नगर निगम अतिक्रमण दल द्वारा हटाया गया।

नगर निगम द्वारा टैंकर रोड का सीमेन्टीकरण कार्य कराये जाने के दौरान सांई बिल्डिंग मटेरियल के सामने सड़क की चौड़ाई कम होने पर नगर निगम अतिक्रमण दल द्वारा पटवारी श्री मोहनलाल खराड़ी को बुलाकर भूमि की नपती कराई गई।

नपती पष्चात पाया गया कि सांई बिल्डिंग मटेरियल द्वारा षासकीय भूमि पर कब्जा करते हुए षेड का निर्माण किया हुआ है व फेंसिंग भी लगाई गई है। नपती पष्चात जेसीबी मषीन, डम्पर, ट्रेक्टर ट्रॉली व अतिक्रमण दस्ते द्वारा हटाया गया हटाये गये अतिक्रमण का व्यय संबंधित से 15 हजार रूपये प्रति घन्टे के मान से राषि वसूल की जायेगी। स्वतंत्र

स्वतंत्र [illegible] 3/1/22

# व्यवस्था का गड्ढा : 5 फीट गहरी खाई में गिरा युवक, गंभीर चोट नहीं



रतलाम | ये फोटो बाजना बस स्टैंड- अमृतसागर तालाब मेन रोड का है। पाइप लाइन लीकेज होने पर नगर निगम ने एक सप्ताह पहले दीनदयालनगर तिराहे पर पांच फीट गड्ढा खोदा। पाइप लाइन के ज्वाइंट में लीकेज मिला। ज्वाइंट नहीं मिला तो नगर निगम ने अहमदाबाद से बुलाया। निगम ने आसपास संकेतक नहीं लगाए। रविवार दोपहर बाइक सवार गड्ढे में जा गिरा। लोगों ने मशक्कत से उसे और बाइक को निकाला।

भास्कर

दै. भास्कर 3/1/22

# बिना मास्क वालों पर कार्रवाई के लिए सड़क पर उतरा प्रशासन

रतलाम. कोरोना की तीसरी लहर की संभावनाओं के बीच शहर में लोगों के द्वारा बरती जा रही लापरवाही को देख प्रशासन का अमला रविवार को सड़क पर उतर आया। शहर एसडीएम सहित अन्य अधिकारियों ने शहर के विभिन्न चौराहों पर खड़े होकर बिना मास्क के निकल रहे लोगों को रोक उन पर चालानी कार्रवाई की। साथ ही उन्हें मास्क लगाए जाने की समझाइश भी दी जिससे वह स्वयं सुरक्षित रहे और अन्य लोग भी सुरक्षित रहे।

चालानी कार्रवाई को लेकर कुछ लोगों के द्वारा आपत्ति भी ली गई तो कई लोग बहानेबाजी करते भी नजर आए लेकिन अधिकारियों ने किसी की एक न सुनी और सभी लोगों पर चालानी कार्रवाई करते हुए उन्हें मास्क लगाए जाने के निर्देश दिए। प्रशासन के द्वारा शनिवार को ही यह बता दिया गया था कि रविवार को वह बिना मास्क वालों के खिलाफ विशेष कार्रवाई करेंगे। कार्रवाई के दौरान एसडीएम अभिषेक गहलोत, तहसीलदार गोपाल सोनी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। पत्रिका

पत्रिका 3/1/22

**भविष्य को बचाने का टीका** • स्कूलों में 40,130 बच्चों को सुरक्षित करेंगे, 147 केंद्रों पर लगेगा डोज

# आज से स्कूलों में वैक्सीनेशन, तीसरी लहर में पहली बार 14 साल की किशोरी पॉजिटिव

## दूसरी लहर में 1-13 साल के 400 से ज्यादा बच्चे थे पॉजिटिव

भास्कर संवाददाता | रतलाम

देश का भविष्य यानी बच्चे... इस भविष्य को बचाने का टीका आज से लगना शुरू हो जाएगा। जिले के स्कूलों में सोमवार को 40,130 बच्चों को टीके लगाने की तैयारी है। टीका जरूरी इसलिए है क्योंकि... कोरोना संक्रमण बच्चों की तरफ बढ़ने लगा है। रविवार को तीसरी लहर में पहली बार जिले के जावरा में एक 14 साल की बालिका पॉजिटिव आई है। वहीं, दूसरी लहर में 1-13 साल के 400 से ज्यादा बच्चे कोरोना का दंश झेल चुके है।



रविवार को जिले में दो पॉजिटिव मिले, जावरा की जिस बच्ची की रिपोर्ट पॉजिटिव आई है, वह कक्षा 8वीं में पढ़ाई करती है। इधर, अब सभी स्कूली और शाला त्यागी बच्चों को वैक्सीनेट करने के लिए टीमें तैयार हो चुकी है। रविवार को 15 से 18 साल के बच्चों को को-वैक्सीन का टीका लगाया जाएगा। इसके लिए जिले में 147 केंद्र बनाए हैं। स्कूलों में पहले ही दिन 40,130 बच्चों को वैक्सीन लगाई जाना है। बच्चों को स्कूल भेजने के लिए माता-पिता को अलर्ट कर दिया है।

### कहां कितने सेंटर रहेंगे

रतलाम शहर में 30, सैलाना में 13, रतलाम ग्रामीण में 24, पिपलौदा में 14, जावरा में 32, बाजना में 9, आलोट में 25 स्कूली केंद्रों पर टीका लगाया जाएगा। 200., 2006 और 2007 में जन्मे बच्चों को वैक्सीन लगाई जाएगी। जिले के सभी शासकीय स्कूल, निजी स्कूल, नवोदय, केंद्रीय विद्यालय, मदरसे को चिन्हित कर वैक्सीनेशन किया जा रहा है।

### इन बातों का रखें ध्यान

- स्कूल में आधार कार्ड की कॉपी लेकर जरूर जाएं।
- आधार कार्ड से ही रजिस्ट्रेशन होगा।
- आधार कार्ड नहीं है तो जन्म लिंक दर्शाने वाली आईडी ले जा सकते हैं।
- दस्तावेज की फोटो कॉपी पर मोबाइल नंबर जरूर लिखे।
- मोबाइल नंबर पोर्टल पर रजिस्टर्ड होगा।
- कोविन पोर्टल पर जाकर आप खुद भी प्री-रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं।

### दूसरी लहर... एक 14 साल की बच्ची तोड़ चुकी है दम

इधर, दूसरी लहर का खौफ सभी ने देखा है। रतलाम शहर में एक 14 साल की बच्ची दम तोड़ चुकी हैं। वहीं, जून तक 400 से ज्यादा बच्चे पॉजिटिव आ गए थे। दूसरी लहर में आलम ऐसा था कि शहर में एक दिन में 398 पॉजिटिव मिले। इधर, वैज्ञानिक तीसरी लहर का बच्चों पर ज्यादा प्रभाव होने की आशंका जता रहे हैं।

### कुछ सवाल... जिसका जवाब आप जानना चाहते हैं...

- **क्या स्कूल में नामांकन होना जरूरी है?**
- उत्तर - नहीं, कोई भी वैक्सीन केंद्र पर टीका लगवा सकता है।
- **कौन सी वैक्सीन लगेगी और क्यों?**
- उत्तर - को-वैक्सीन, क्योंकि इसके दो डोज के बीच 28 दिन का अंतर है। तीसरी लहर को देखते हुए जल्द से जल्द बच्चों को वैक्सीनेट करना है।
- **क्या सावधानी रखनी है?**
- उत्तर - बच्चों को सामान्य नाश्ता या खाना खिलाकर भेजे। खाली पेट में दिक्कत हो सकती है। टीका लगने के बाद 30 मिनट प्रतीक्षा करें। कोई दिक्कत हो तो केंद्र पर मौजूद लोगों को बताएं।
- **मेरी उम्र 16 साल है, क्या मैं महावारी के दौरान टीका लगवा सकी हूं।**
- उत्तर - हां, महावारी के दौरान टीका लगवा सकती है। महावारी के दौरान कमजोरी होना सामान्य बात है।
- **क्या वैक्सीन से मेरा पीरीयड/माहवारी देर से होगी?**
- उत्तर-विशेषज्ञों ने ऐसी कोई बात नहीं कही है।
- **हम बच्चों को कोई बीमारी नहीं, इसलिए टीके की जरूरत नहीं?**
- उत्तर - यह टीका संक्रमण से आपकी रक्षा करेगा।
- **टीका लगवाने के बाद भी लोग पॉजिटिव आ रहे, फिर क्या फायदा?**
- उत्तर - टीका लगने के बाद संक्रमण होगा तो भी गंभीर या जानलेवा नहीं होगा।
- **बच्चों को साइडइफैक्ट तो नहीं होंगे, क्योंकि एग्जाम टाइम आने वाला है?**
- उत्तर- कोई भी साइड इफैक्ट गंभीर नहीं होते।
- **भविष्य में कोई परेशानी तो नहीं आएगी?**
- उत्तर - परेशानी नहीं बल्कि बीमारी से बचाव मिलेगा।

भास्कर

द. भास्कर 3/1/22

# नगर के विभिन्न स्थानों पर अलाव जलाये

रतलाम । सर्द रातों में नागरिकों की सुविधा को दृश्टिगत रखते हुए निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के निर्देषानुसार नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग द्वारा बाल चिकित्सालय, जिला चिकित्सालय, पांजरा पोल, महू रोड बस स्टैण्ड, बाजना बस स्टैण्ड, सैलाना बस स्टैण्ड, रेलवे स्टेषन, मुखर्जी नगर, कालिका माता, नगर निगम, फायर ब्रिगेड, चोदनी चौक, गौषाला रोड पेयजल टंकी, ऋतुराज सम्पवेल, त्रिवेणी मेला परिसर सहित नगर के विभिन्न सार्वजनिक स्थल एवं चौराहों पर गत रात्रि अलावा जलाये गये।

स्वतंत्र



स्वतंत्र चेतना 3/1/22

## गंदगी फैलाने वाले नौ लोगों से वसूला जुर्माना

**रतलाम।** खुले में गंदगी करने पर शर्मा कृषि उपज मंडी से 2500, शोएब, मुकेश कृषि उपज मंडी, लक्ष्य, मुकेश अमृत सागर, कासिम, दिनेश, कालूराम व विपिन त्रिवेणी मेला पर 100-100 रुपये का जुर्माना वसूला गया। स्पाट फाइन दल द्वारा भविष्य में गंदगी नहीं करने की समझाइश दी गई।

## नौ कर्मचारियों का एक दिन का वेतन काटा

**रतलाम।** रात्रिकालीन सफाई व्यवस्था के निरीक्षण के दौरान जितेंद्र-प्रकाश, अजय-बसंत, आकाश-मुकेश, नरेंद्र-विजय, अमित-अनिल, प्रकाश-कैलाश, लखन-राजेंद्र, रामजीलाल-किशन व विकास-पप्पू द्वारा कर्तव्य स्थल से अनुपस्थित पाए गए। इस पर निगमायुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देश पर सभी का एक दिन का वेतन काटा जाकर सेवा से बर्खास्त करने का कारण बताओ सूचना-पत्र जारी किया गया।

## 49 टन कचरा जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड पहुंचाया

**रतलाम।** नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार नगर निगम के कचरा संग्रहण वाहनों के माध्यम से घर-घर से पृथक-पृथक एकत्रित किया जा रहे गीले-सूखे कचरे, सड़कों व नाले-नालियों की सफाई के दौरान निकलने वाले कचरे का प्रतिदिन वजन कर जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड पर पहुंचाया जा रहा है। इसके तहत रविवार को 49 टन कचरा जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड पर पहुंचाया गया। डंपर से 15670, ट्रैक्टर-ट्राली से 10790, काम्पेक्टर सूखा कचरा 13075, काम्पेक्टर गीला कचरा 10435 कुल 49970 किलो कचरा जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड पहुंचाया गया।

## त्रिवेणी मेला बीती रात हुआ भजनों से सराबोर

रतलाम । नगर निगम द्वारा आयोजित त्रिवेणी मेले में बीती रात पंडित श्री गोपाल कृष्ण शर्मा व अन्य साथी भजन गायकों ने निगम के सांस्कृतिक मंच एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुति देकर पूरे मेला प्रांगण को धर्ममयी बना दिया। भजन संध्या की शुरूआत भगवान श्री गणेश वंदना से की गई इसके पश्चात प्रभु आपकी की कृपा से सब काम हो रहा है, सांवरियो है सेठ, तेरे दर पर आया हूं, थोड़ा-थोड़ा काम हनुमानजी करें, रामजी चले ना हनुमान के बिना जैसे कई भजनों की सुमधुर प्रस्तुति पंडित गोपाल कृष्ण शर्मा व साथी भजन गायकों ने देकर पुरे मेला प्रांगण को धर्ममयी बना दिया। प्रारंभ में भजन गायक पंडित गोपाल कृष्ण शर्मा व साथी भजन गायकों का स्वागत पूर्व क्षेत्रिय पार्षद प्रतिनिधि श्री राकेश मीणा व सहायक स्वास्थ्य अधिकारी श्री ए.पी. सिंह ने पुष्पहारों से किया।

## कवि सम्मेलन में शानदार प्रस्तुति से जमाया रंग

त्रिवेणी मेले में बीती रात निगम रंगमंच पर कवि सम्मेलन हुआ। इसमें नागपुर के सफर जौनपुरी, जोधपुर के दिनेश सिंदल, शाजापुर के अशोक नागर, नालछा के धीरज शर्मा, मेघनगर के निसार पठान ने रचना पाठ कर श्रोताओं को गुदगुदाया। पूर्व क्षेत्रीय पार्षद प्रतिनिधि राकेश मीणा ने कवियों का स्वागत किया।

## आज सुबह से त्रिवेणी मेला स्थगित

कोरोना संक्रमण के तेजी से फैलाव के चलते आम नागरिक व मेले में आने वाले दुकानदार, व्यापारियों की सुरक्षा के दृष्टिगत त्रिवेणी मेले को तीन जनवरी सुबह से समाप्त कर दिया गया है। मेले में आए दुकानदार व व्यापारी तत्काल अपनी दुकानें हटा ले। मेले की व्यवस्थाओं में लगे अन्य विभाग अपनी व्यवस्थाएं हटा ले। साथ ही विद्युत वितरण कंपनी बिजली कनेक्शन तत्काल विच्छेद कर ले।

## 6602 पेंशन हितग्राहियों का भौतिक सत्यापन

**रतलाम।** शहर के सामाजिक सुरक्षा, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धा पेंशन, राष्ट्रीय विधवा पेंशन, राष्ट्रीय निशक्त पेंशन, सामाजिक सुरक्षा वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, निशक्त पेंशन, मानसिक बहुविकलांग पेंशन प्राप्त करने वाले हितग्राहियों का शासन के निर्देशानुसार भौतिक सत्यापन वार्ड दरोगा व नियुक्त कर्मचारी कर रहे हैं। इसके तहत रविवार तक 6602 पेंशन हितग्राहियों का भौतिक सत्यापन किया जा चुका है।

## मेला हुआ भजनों से सराबोर

त्रिवेणी मेले में बीती रात पंडित गोपाल कृष्ण शर्मा व अन्य साथी भजन गायकों ने निगम के सांस्कृतिक मंच एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुति देकर पूरे मेला प्रांगण को धर्ममयी बना दिया। प्रारंभ में भजन गायक पंडित गोपाल कृष्ण शर्मा व साथी भजन गायकों का स्वागत राकेश मीणा व सहायक स्वास्थ्य अधिकारी ए.पी. सिंह ने पुष्पहारों से किया।